कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री सौभाग सिंह , निवासी म.नं0 245 आमागढ वैधपुरी, सोनी स्टोन के पीछे, शीतला माता मंदिर के सामने, ट्रांस्पोर्ट नगर, जयपुर राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा/प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा

अपील संख्या 45/2022

निर्णय

दिनांक 25.05.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा/प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा/प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा/प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा/प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2022/833–34 दिनांक 26.04.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा ने पत्र कमांकः भू0अ0/आरटीआई/2022/3151 दिनांक 29.4.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि प्रार्थी को सूचना की वस्तुस्थिति से दिनांक 26.4.2022 को ही अवगत कराया जा चुका है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली नियमानुसार अभिलेख लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.06.16 09:59:54 IST
Reason: Self Attested

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official

(कमर उल जमान चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा